# अध्यक्ष का संदेश

*प्रिय शेयरधारकों,*

वित्तीय वर्ष 2022 के दौरान आपके बैंक के प्रदर्शन की मुख्य बातें आपके सामने रखते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। आपके बैंक द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों और पहलों का विवरण वित्त वर्ष 2022 की संलग्न वार्षिक रिपोर्ट में दिया गया है।



"आर्थिक कार्यकलापों में निरंतर सुधार के कारण, वित्त वर्ष 2022 में आपके बैंक के व्यवसाय में निरंतर दो अंकीय वृद्धि दिख रही है।

– दिनेश कुमार खारा

## आर्थिक परिदृश्य

वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी के प्रकोप से अर्थव्यवस्था में पर्याप्त गिरावट के बाद, 2021 में वैश्विक अर्थव्यवस्था पुन: पटरी पर लौट आई है। तथापि, दूसरी तिमाही में वायरस के घातक वेरियंट के कारण गति कुछ धीमी हुई थी, लेकिन पूरे विश्व में गहन टीकाकरण अभियान के चलते उसका असर बहुत कम समय तक रहा। वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही के अंत तक, रूस-यूक्रेन के बीच लंबे युद्ध के कारण उपजे भू-राजनैतिक तनाव से वित्तीय अस्थिरता बढ़ गई। तेल एवं अन्य वस्तुओं की कीमतें आसमान छूने लगीं, जिसके कारण विकसित एवं उभरती हुई/विकासशील अर्थव्यवस्थाओं दोनों में पहले से ही उच्च मुद्रास्फीति की दर और बदतर हो गई। रिकॉर्ड स्तर की मुद्रास्फीति के कारण यूएस फेड को अपनी मौद्रिक नीति सामान्यीकरण में तेज़ी लानी पड़ी। इसके परिणामस्वरूप, उभरते बाज़ारों से पूंजी निकाली जाने लगी एवं निवेशक सुरक्षित ठौर देखते हुए जोखिम लेने से कतराने लगे। इसलिए वर्ष 2022 में वैश्विक प्रगति 3.2% तक नरम रहने की उम्मीद है। (वर्ष 2022 में वैश्विक व्यापार भी संशोधित करके 3.0% तक नीचे रहने का अनुमान है। यहाँ तक कि वर्ष 2022 के लिए वैश्विक व्यापार अनुमानों को 3.0% तक नीचे की ओर संशोधित किया गया हैं।

इस पदृिश्य में, सेवा क्षेत्र के महत्वपूर्ण योगदान से भारतीय अर्थव्यवस्था के भी वित्त वर्ष 2022 में 8.7% की दर से बढ़ने का अनुमान है। बाहरी व्यापार की ओर देखें तो, वित्त वर्ष 2022 में हमारा व्यापार निर्यात निष्पादन बेहतर रहते हुए 14.53% की दर से बढ़ते हुए 400 बिलियन डॉलर मार्क को पार कर गया। तथापि, वर्ष के दौरान 55% की दर से मज़बूत आयात वृद्धि रही।

इस दौरान, हाल ही में भारतीय रिज़र्व बैंक ने वृद्धि का समर्थन करते हुए, मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए रेपो रेट में 40 बीपीएस की वृद्धि की है। तथापि, लंबे भू-राजनैतिक तनावों के चलते वैश्विक तेल एवं वस्तुओं की कीमतों में उछाल तथा चीन में लंबे लॉकडाउन के चलते आपूर्ति श्रृंखला समस्याओं के कारण मुद्रास्फीति दबाव ऊपर की ओर ही रहेगा। जबकि वित्त वर्ष 2023 में भारत की वृद्धि दर 7.2% रहने का अनुमान है, लेकिन भू-राजनैतिक तनावों एवं कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण चालू खाता घाटा जीडीपी की 2.5% की दर को भी पार कर सकता है।

## आपके बैंक का प्रदर्शन

आर्थिक कार्यकलापों में निरंतर सुधार के कारण, वित्त वर्ष 2022 में आपके बैंक के व्यवसाय में निरंतर दो अंकीय वृद्धि दिख रही है।

### जमा राशियाँ

वित्त वर्ष 2022 के दौरान, आपके बैंक ने कुल जमाराशियों में 10.6% की वृद्धि के साथ 40 लाख करोड़ का लक्ष्य पार कर लिया हैं। जिसमें घरेलू जमाराशियॉ 9.80% की वृद्धि के साथ 39.20 लाख करोड़ हुई हैं। कासा जमाराशियों में 17.75 लाख करोड़ रुपए के साथ 7.78% की वृद्धि हुई है तथा इसमें मुख्य रूप से बचत बैंक जमाराशियों में 10.45% की सतत वृद्धि का योगदान रहा है। कम ब्याज दर के परिदृश्य के बीच, वित्त वर्ष 2022 में आपके बैंक का कासा अनुपात 45.28% रहा। वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने 98.75 लाख नए बचत बैंक खाते खोले, जिसमें से 63% योनो पार्टल/एप द्वारा खोले गए।

### ऋण

वित्त वर्ष 2022 के दौरान, आपके बैंक का अग्रिम पोर्टफोलियो 11% की वृद्धि के साथ 28.18 लाख करोड़ रहा, जिसमें पिछले वित्त वर्ष 2021 की तुलना में 4.8% की बढ़ोतरी हुई। जबकि घरेलू अग्रिम में 10.27% की वृद्धि रही वहीं विदेश स्थित कार्यालयों के अग्रिमों में 15.42% की वृद्धि दर्ज की गई। घरेलू ऋण वृद्धि में 15.11% की जबरदस्त खुदरा वैयक्तिक ऋण वृद्धि रही जो कि कुल घरेलू अग्रिम का 41.6% है। वर्ष के दौरान कृषि एवं एसएमई ऋण में भी 6.57% एवं 9.52% की बढ़ोतरी हुई जो कि क्रमश: 2.28 लाख करोड़ रुपए एवं 3.05 लाख करोड़ रुपए रही।

रिटेल वैयक्तिक ऋण पोर्टफोलियो 10 लाख करोड़ रुपए के मार्क को भी पार कर गया है जिसमें आवास ऋण एवं प्रतिभूति-रहित वैयक्तिक ऋण का मुख्य योगदान रहा। वित्त वर्ष 2022 में इसमें क्रमश: 11.49% एवं 28.50% की बढ़ोतरी हुई।

### निवेश

वित्तवर्ष 2022 में आपके बैंक का निवेश पोर्टफोलियो 9.6% की वृद्धि के साथ 14.93 लाख करोड़ रुपए रहा, जिसमें से 96% घरेलू निवेश है। घरेलू निवेश पोर्टफोलियो के अंतर्गत, 60.77% एचटीएम श्रेणी में है जबकि बाकी एएफएस श्रेणी में है। निवेश से हुई आय ब्याज दर परिदृश्य के अनुरूप है जो कि वित्त वर्ष 2021 की तुलना में 6.32% से घटकर 6.07% पर आ गई है।

### लाभप्रदता

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान, दूसरी छमाही में अर्थव्यवस्था कोविड-19 के प्रभावों से उबर चुकी थी तथा आपके बैंक ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। वित्त वर्ष 2022 में आपके बैंक को पिछले वर्ष की तुलना में 55% की वृद्धि के साथ 31,676 करोड़ रुपए का एकल (स्टैंडअलोन) शुद्ध लाभ हुआ। आपके बैंक ने आस्ति गुणवत्ता, प्रावधान कवरेज एवं एनआईएम क्षेत्र में बेहतरीन सुधार किया है।

पिछले वर्ष की तुलना में बैंक की शुद्ध ब्याज आय में 9.03% की अच्छी वृद्धि दर्ज की गई जो कि 1,20,708 करोड़ रुपए रही। ऋण बही में वृद्धि एवं स्लिपेज पर नियंत्रण के कारण उच्च ब्याज आय हुई। वित्त वर्ष 2021-22 में ऋण लागत भी 57 बीपीएस की कमी के साथ

0.55% रही। वित्त वर्ष 2021-22 में बैंक का परिचालन लाभ 75,292 करोड़ रुपए रहा जिसमें कि पिछले वर्ष की तुलना में 5.22% का सुधार हुआ है। आय अनुपात की लागत में भी थोड़ी कमी आई है जो पिछले वर्ष 2020-21 के 53.60% की तुलना में वित्त वर्ष 2021-22 में 53.31% रही।

आस्तियों पर प्रतिलाभ भी वित्त वर्ष 2020-21 के 0.48% की तुलना में 19 आधार अंकों की वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 2021-22 में 0.67% रहा। आस्तियों पर प्रतिलाभ में भी सकारात्मक सुधार हुआ जो कि पिछले वर्ष 2020-21 के 9.94% से 398 बीपीएस बढ़कर वित्त वर्ष 2021-22 में 13.92% रहा।

> आपके बैंक के निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए 7.10 रुपए प्रति इक्विटी शेयर (अर्थात 710%) का लाभांश घोषित किया है।

## आस्ति गुणवत्ता

दबावग्रस्त आस्तियों पर फोकस रखते हुए उनके प्रबंधन का कार्य वित्त वर्ष 2022 में भी जारी रहा तथा प्रत्येक सेग्मेंट में सर्वांगीण सुधार हुआ।

आपका बैंक, वित्त वर्ष 2022 में दबावग्रस्त आस्तियों के प्रबंधन की रणनीति को वातावरण से समायोजित करते हुए स्लिपेज अनुपात को 1% के अंदर ही सीमित रखने में सफल रहा।

वित्तवर्ष 2022 के दौरान, आपके बैंक का सकल एनपीए भी 14,366 करोड़ रुपए घटकर 1,12,023 करोड़ रुपए रह गया। वर्ष के दौरान वसूली एवं उन्नयन में भी 21.58% की बढ़ोतरी हुई जो 21,437 करोड़ रुपए रहा। परिणामस्वरूप, बैंक के सकल एनपीए अनुपात में मार्च 2021 के 4.98% की तुलना में 101 बीपीएस का सुधार हुआ। मार्च 2022 में बैंक के शुद्ध एनपीए में 1.02% का सुधार हुआ।

बैंक के प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) में भी पिछले वर्ष के 70.88% की तुलना में मार्च 2022 में 75.04% का सुधार हुआ। मार्च 2022 में एयूसीए सहित पीसीआर 90.20% रहा।

## पूँजी

बेहतरीन नियोजन, आंतरिक उपचय एवं बैंकिंग बही के प्रभावी जोखिम प्रबंधन के कारण पिछले वित्त वर्ष में बैंक के पूंजी अनुपात में भी सुधार हुआ। मार्च 2022 के अंत तक पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) मार्च 2021 की तुलना में 9 बीपीएस के सुधार के साथ 13.83% रहा।

टियर II केपिटल बेस में भी पिछले वर्ष के 2.30% की तुलना में मार्च 2022 में 2.41% का सुधार हुआ।

## लाभांश

मुझे यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आपके बैंक के निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए 7.10 रुपए प्रति इक्विटी शेयर (अर्थात 710%) का लाभांश घोषित किया है।

## ग्राहक सुविधा

हमारा मानना है कि ग्राहकों की बढ़ती उम्मीदें और ग्राहकों की बदलती भावनाओं हेतु एक त्वरित दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो उनकी उम्मीदों के अनुकूल हो। आज, आपका बैंक नए तरीकों से डिजिटल परिवर्तन और ग्राहक जुड़ाव का लाभ उठाकर फिनटेक चार्ज में अग्रणी बनने पर केंद्रित है। बदलते भारत के साथ गति बनाए रखने के लिए, आपके बैंक ने शाखाओं और अन्य आउटलेट्स पर सबसे अधिक टचप्वाइंट बनाए हैं।

मार्च 2022 तक, आपके बैंक की 22,266 शाखाएं हैं, 68000 व्यवसाय संपर्क हैं एवं 65000 एटीएम हैं जिनमें 12,872 स्वचालित जमा एवं आहरण मशीनें (एडीडब्लूएम) हैं। इन एटीएम/एडीडब्लूएम के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 1.32 करोड़ लेनदेन किए जाते हैं।

ग्राहक सुविधा एवं ग्राहक आनंद को बढ़ाने के लिए, वित्त वर्ष 2022 में निम्नलिखित नई सुविधाएं आरंभ की गईं : (क) नए चेकबुक हेतु अनुरोध एवं चेक रोकने संबंधी अनुरोध की सुविधा सीएसपी आउटलेट पर सक्रिय कर दी गई है। (ख) डेबिट कार्ड ब्लॉक करने की सुविधा को सीएसपी आउटलेट पर उपलब्ध करा दिया गया है।

30 देशों में 227 स्थानों पर सभी टाइम ज़ोन के माध्यम से अपनी उपस्थिति के साथ आपका बैंक अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग के क्षेत्र में सभी भारतीय बैंकों में अग्रणी है। वित्त वर्ष 2022 के दौरान, आपका बैंक अपने ओवरसीज़ सहयोगी - एसबीआई बोत्सवाना लिमिटेड को बंद करके एवं एसबीआई यूके लिमिटेड की इलफोर्ड शाखा का ईस्ट हैम शाखा में विलय करने के साथ अपने ओवरसीज़ परिचालन को तर्कसंगत बनाने की ओर अग्रसर है।

## प्रौद्योगिकी एवं नवाचार

बैंकिंग का भविष्य अब प्रौद्योगिकी आधारित रहेगा। कोविड-19 महामारी के बाद प्रौद्योगिकी अपनाने की दौड़ में आपके बैंक ने प्रयोक्ता अनुभव बढ़ाने एवं संभावित जोखिमों से बचाने में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कई प्रकार की पहल की है।

आपका बैंक ऑफसाइट एटीएम में 4जी कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के साथ एटीएम कनेक्टिविटी को अपग्रेड करने की दिशा में अग्रसर है। आपका बैंक निरंतर नेटवर्क अनुभव में सुधार एवं आउटेज में कमी पर काम कर रहा है। शाखाओं एवं कार्यालयों में डाउनटाइम में कमी लाने एवं दूर करने के लिए वैकल्पिक सेकेंडरी लिंक की व्यवस्था की गई है।

आपके बैंक ने आरबीआई साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क का पालन करने हेतु हनीपॉट सॉल्यूशन की व्यवस्था करते हुए साइबर सुरक्षा चुनौतियों से संबंधित पूर्व चेतावनी एवं इनसाइट मेकेनिज़्म बनाया है।

उत्पादों की बात करें तो, आपके बैंक ने पिछले कुछ वर्षों में उत्पादों एवं सेवाओं तथा उन्नत प्रौद्योगिकी का एक मजबूत पोर्टफोलियो विकसित किया है जिससे उसे ग्राहक केंद्रित तरीके एवं व्यक्तिगत तरीके से प्रबंधित किया जा सके। आपका बैंक डाटा एनालिटिक्स का लाभ उठाते हुए ग्राहक का एक 360 डिग्री प्रोफाइल बना रहा है जिससे उसे आवश्यकता आधारित उत्पाद एवं सेवाएं प्रदान की जा सकें। साथ साथ आपका बैंक प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए विभिन्न टचप्वाइंट पर ग्राहकों की समस्याओं को दूर करने हेतु भी प्रयासरत है।

आपके बैंक का फ्लैगशिप डिजिटल प्लेटफॉर्म, योनो - लाखों रिटेल ग्राहकों, किसानों, कारपोरेट क्लाइंट्स एवं चुनिंदा ओवरसीज़ कार्यालयों के ग्राहकों को अग्रणी डिजिटल सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। ग्राहकों के बीच अपनी पैठ बनाने एवं प्रौद्योगिकी अपनाने हेतु बढ़ावा देने के लिए अब योनो लाइट एप्प 12 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है जबकि योनो कृषि एप्प 10 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है।

प्रौद्योगिकी क्षमता का लाभ उठाते हुए आपके बैंक ने डिजिटल माइक्रोपेमेंट हेतु विभिन्न मेट्रो रेलवे ट्रांज़िट परियोजनाओं में सहभाग किया हुआ है। आपके बैंक को रुपे प्लेटफॉर्म पर एसपीएआरसी प्रौद्योगिकी के कार्यान्वयन हेतु नागपुर मेट्रो, नोएडा मेट्रो एवं एमएमआरडीए लाइंस 2ए एवं 7 मेट्रो प्रोजेक्ट्स दिए गए हैं ।

ग्राहक आनंद उपलब्ध कराने हेतु ऋण प्रक्रिया में रिटेल लोन मैनेजमेंट सॉल्यूशन (आरएलएमएस) एवं वेंडर वेरीफिकेशन मॉड्यूल (वीवीएफ) आरंभ किया गया जिससे एकसमान हामीदारी मानक, बेहतरीन डिलीवरी एवं संपूर्ण डिजिटलीकरण सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। इसके साथ ही पूरी आवास ऋण प्रणाली का डिजिटलीकरण अंतिम चरण में है। आंतरिक रूप से विकसित संपर्क रहित डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे योनो एवं ओसीएएस/आरएएएस को रिसोर्स टूल के रूप में प्रोत्साहित किया जा रहा है जिससे आवास ऋण व्यवसाय को बढ़ाया जा सके एवं बाज़ार शेयर में वृद्धि की जा सके।

आपके बैंक ने व्यापार विनियामक रिपोर्टिंग एवं अनुपालन समाधान (टीआरआरएसीएस) एप्लिकेशन का उपयोग आरंभ किया है जिससे पिछले कुछ समय से लंबित ईडीपीएमएस/आईआरएम/निर्यात अग्रिम प्रविष्टियों में कमी आई है।

निर्बाध सीमापार लेनदेन हेतु आपके बैंक ने सिंगापुर की रियल-टाइम भुगतान प्रणाली जी3-फास्ट के साथ समन्वय किया है। इससे भुगतान प्रक्रिया रियल-टाइम आधार पर पूरी होगी जिससे नवीन एवं वाणिज्यिक रूप से आकर्षक उत्पादों को प्रदान किया जा सकेगा एवं अदायगी (सेटलमेंट) जोखिम कम होगा।

आपका बैंक अपने ओवरसीज़ परिचालन हेतु ई-बैंकिंग वेब प्लेटफॉर्म में पूरा परिवर्तन करने जा रहा है। पैसे की बचत के साथ ही बढ़ी हुई दक्षता के दोहरे उद्देश्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से, दो और भौगोलिक क्षेत्रों, यानी कनाडा और सिंगापुर (यूके और बहरीन के अलावा) से नौकरियों के स्थानांतरण के कारण बैक-ऑफिस प्रक्रियाओं के केंद्रीकरण और ऑफ-शेयरिंग में गति आई है।

कई कार्य विशिष्ट प्रौद्योगिकी प्लेटफार्मों के बंद होने के साथ ही परिचालन में प्रौद्योगिकी का उपयोग भी समाप्त हो गया है। दबावग्रस्त खातों में कानूनी मामलों की बेहतर निगरानी के लिए एसएआरजी वर्टिकल में विभिन्न नई आईटी पहल शुरू की गई हैं। यह वसूली प्रक्रिया की पारदर्शिता और दक्षता को और मजबूत करेगा।

## कार्यनीतिक/नई पहल

वित्त वर्ष 2022 के दौरान, आपके बैंक द्वारा निर्धारित दीर्घावधि उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कुछ कार्यनीतिक पहल भी की गईं। कुछ महत्वपूर्ण पहल निम्नानुसार हैं:

- आपके बैंक ने 35 वर्ष या उससे कम आयु वर्ग के सभी कर्मचारियों के लिए एक जुड़ाव कार्यक्रम 'सामर्थ्य' आरंभ किया है। उक्त कार्यक्रम का आयोजन एक विशिष्ट 'स्मार्ट क्लासरूम' के माध्यम से किया गया। अधिकारी एवं लिपिकीय स्टाफ दोनों ने कार्यक्रम में सहभागिता की तथा इससे संभावनाओं एवं विचारों का आपसी आदान-प्रदान हुआ। इस कार्यक्रम के तहत लगभग 67000 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाना है तथा वित्तवर्ष 2022 में लगभग 72% स्टाफ को शामिल किया जा चुका है।

- हमारे सहयोगी एसबीआई पीएसपीएल (एसबीआई पेमेंट सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड) के पीओएस ग्राहकों के लिए दो संपूर्ण डिजिटल ऋण प्रक्रिया आरंभ की गईं हैं अर्थात पूर्व-अनुमोदित दो-पहिया ऋण (एसबीआई ईज़ी राइड) एवं पूर्व-अनुमोदित व्यवसाय ऋण (पीएबीएल)। वित्त वर्ष 2022 में एनालिटिक्स-आधारित उत्पादों के माध्यम से लगभग 21,898 करोड़ रुपए के ऋण डिजिटली प्रदान किए गए।
- हमारे फ्रंटलाइन स्टाफ के ज्ञान स्तर को बढ़ाने एवं ग्राहक अनुभव में वृद्धि हेतु, आपके बैंक ने एक वृहद ज्ञान वृद्धि कार्यक्रम 'प्रोजेक्ट उत्कर्ष' आरंभ किया है, साथ ही बैंक द्वारा ग्राहक सेवा की गुणवत्ता के आधार पर शाखाओं के वर्गीकरण हेतु 'ग्राहक सेवा सूचकांक' का भी शुभारंभ किया है।
- अधिकतर ग्राहक वर्ग (व्यक्तिगत एवं गैर-व्यक्तिगत) में तत्काल एवं प्रभावी तरीके से नए खाते खालने हेतु, वर्ष 2021-22 में इमेज-आधारित प्रोसेसिंग शुरू की गई है। ग्राहकों की सुविधा के लिए 22.04.2021 को वीडियो केवाईसी के माध्यम से खाता खोलने की

सुविधा आरंभ की गई है। मार्च 2022 तक इस सुविधा के माध्यम से लगभग 6.40 लाख खाते खोले जा चुके थे।

- ग्राहकों को अपनी पसंद की भाषा में एसएमएस अलर्ट प्राप्त करने हेतु रजिस्टर करने के लिए 13 भाषाओं में एसएमएस अलर्ट सुविधा आरंभ की गई है। एसएमएस मिलने में देरी को कम करने के लिए सीबीएस से डिलिवरी प्लेटफॉर्म में एसएमएस प्रवाह की मल्टी-स्ट्रीमिंग, एसएमएस की अधिक मात्रा को संभालने हेतु इंफ्रा अपग्रेडेशन एवं एसएमएस की उच्च मात्रा को संभालने हेतु सीबीएस में एसएमएस जनरेशन एवं ट्रांसमिशन प्रक्रिया में सुधार जैसी कई पहल की गई है।
- पेंशनरों को वीडियो कॉलिंग के माध्यम से जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की सहूलियत हेतु नवंबर 2021 में वीडियो जीवन प्रमाण-पत्र सुविधा आरंभ की गई।
- चूककर्ता खाताधाकों के फॉलो-अप कॉल को रिकॉर्ड करने हेतु अप्रैल 2021 में ऋण वसूली हेतु एक नया एप्लिकेशन आरंभ किया गया। वर्तमान वर्ष में, इस एप्लिकेशन का उपयोग करते हुए 2.55 करोड़ कॉल किए गए।
- वर्ष के दौरान नवनियुक्त महिला कर्मचारियों के संगठन में सुखद अनुभव हेतु एक परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आपका बैंक सीसीआईएल (भारतीय समाशोधन निगम लिमिटेड) द्वारा बनाए गए एफएक्स-रिटेल प्लेटफॉर्म पर ग्राहकों को सक्रियता से ऑनबोर्ड कर रहा है, इससे ग्राहक को पारदर्शिता एवं प्रतिस्पर्धात्मक दर का लाभ हो रहा है। आपके बैंक ने ग्राहकों को एफएक्स-ऑल एवं ई-फॉरेक्स ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म सुविधा उपलब्ध कराई है।

## अनुषंगियां

अपनी अनुषंगियों के मध्यम से भारतीय स्टेट बैंक अपने ग्राहकों को विभिन्न प्रकार के वित्तीय उत्पाद एवं सेवाएं प्रदान करता है।

एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड ने अकेले ही वित्त वर्ष 2022 में 339.70 करोड़ रुपए का कर-पश्चात लाभ दर्ज किया, जबकि वित्त वर्ष 2021 में यह 273.25 करोड़ रुपए था। समेकित आधार पर पिछले वर्ष के 527 करोड़ रुपए की तुलना में इस वर्ष 620 करोड़ रुपए का कर-पश्चात लाभ दर्ज किया। एसबीआई समूह की पूर्ण स्वामित्व की ब्रोकिंग कंपनी एसबीआईकैप सिक्योरिटीज लिमिटेड को वित्त वर्ष 2022 के दौरान 233.12 करोड़ रुपए का निवल लाभ हुआ, जबकि वित्त वर्ष 2021 में यह 207.12 करोड़ रुपए था।

एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने पूरे भारतवर्ष में 137 शाखाओं के माध्यम से विस्तार किया है। आज की तारीख में कंपनी लगभग 8.7 करोड़ ग्राहकों को सेवाएं प्रदान कर रही है। वित्त वर्ष 2022 में कंपनी की वृद्धि दर 11% तथा बाज़ार शेयर 4.15% रहा। निजी बीमाकर्ताओं में कंपनी 7वें स्थान तथा पूरे उद्योग में 12वें स्थान पर रही। कंपनी ने वित्त वर्ष 2022 में 131 करोड़ रुपए का निवल लाभ अर्जित किया।

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने व्यक्तिगत न्यू बिज़नेस प्रीमियम, व्यक्तिगत रेटेड प्रीमियम, टोटल रेटेड प्रीमियम एवं टोटल न्यू बिज़नेस प्रीमियम वर्गों में निजी क्षेत्र की कंपनियों के बीच अपना अग्रणी स्थान बरकरार रखा है। कंपनी ने टोटल न्यू बिज़नेस प्रीमियम (एनबीपी) क्षेत्र में 23.4% की वृद्धि दर्ज की जबकि इस दौरान बीमा उद्योग की वृद्धि दर 12.9% रही । कंपनी ने वित्तवर्ष 2022 में 1506 करोड़ रुपए का कर-पश्चात लाभ दर्ज किया, जबकि वित्त वर्ष 2021 में यह 1456 करोड़ रुपए था।

एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज़ लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2022 में 1616 करोड़ रुपए का कर-पश्चात लाभ दर्ज किया जो कि वित्त वर्ष 2021 की तुलना में 64% अधिक है।

एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड देश में तेज़ी से बढ़ती हुई एएमसी है तथा वित्त वर्ष 2022 में इसमें 28.3% की वृद्धि हुई जबकि इस दौरान औद्योगिक औसत 19.5% रहा। इसके पास एक विशाल ग्राहक आधार है जिसमें 107 लाख सक्रिय निवेशक फोलियो है जिसमें वित्त वर्ष 2022 में जुड़े 31.50 लाख नए फोलियो शामिल हैं। कंपनी ने वित्तवर्ष 2022 में 1070 करोड़ रुपए का कर-पश्चात लाभ दर्ज किया, जबकि पिछले वर्ष यह 860.40 करोड़ रुपए था।

एसबीआई ग्लोबल फैक्टर्स लिमिटेड, घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड हेतु फैक्टरिंग सेवाएं उपलब्ध कराने वाली कंपनी है तथा इसने वित्तवर्ष 2022 में 4773 करोड़ रुपए का रजिस्टर्ड टर्नओवर दर्ज किया जबकि पिछले वित्तवर्ष 2021 में यह 4352 करोड़ रुपए था।

एसबीआई पेंशन फंड्स प्राइवेट लिमिटेड, निजी क्षेत्र के अंतर्गत पेंशन फंड प्रबंधन हेतु नियुक्त 07 पेंशन फंड मैनेजर्स (पीएफएम) में से एक है। कंपनी का कुल असेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) कारोबार 31 मार्च 2022 को 2,82,476 करोड़ रुपए (वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 26.89%)रहा। सभी पेंशन फंड मैनेजर्स में 38.35% के मार्केट शेयर के साथ कंपनी अग्रणी स्थान पर है।

## सम्मान एवं पुरस्कार

आपके बैंक द्वारा बैंकिंग के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए प्रयासों के लिए वर्ष के दौरान बैंक को कई पुरस्कार मिले। एशियन बैंकर पत्रिका, सिंगापुर द्वारा आपके बैंक को ट्रांजेक्शन फाइनेंस अवार्ड 2021 के अंतर्गत "भारत में सर्वश्रेष्ठ नकदी प्रबंधन एवं लेनदेनकर्ता बैंक" के रूप में सम्मानित किया गया। ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका द्वारा आपके बैंक को लगातार दसवीं बार "दि बेस्ट ट्रेड फाइनेंस प्रोवाइडर (इंडिया)-2022" पुरस्कार प्रदान किया गया। आपके बैंक ने 'सतत ज्ञानार्जन एवं कौशल विकास में उत्कृष्टता' श्रेणी में प्रतिष्ठित ईटी ह्यूमन कैपिटल अवार्ड का स्वर्ण पदक जीता है।

बैंक के इतिहास में पहली बार आपके बैंक को उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन हेतु भारत सरकार का 'कीर्ति पुरस्कार' प्रदान किया गया।

## पर्यावरण, सामाजिक एवं अभिशासन (इएसजी) आचरण

आपके बैंक में कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) का उद्देश्य ''उन कार्यकलापों में सहभागिता करना है जो समाज के विकास, सामाजिक जिम्मेदारी एवं पर्यावरणीय संवहनीयता हेतु लाभप्रद हैं एवं साथ ही समाज के वंचित एवं आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों तक पहुंच बनाना है''। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान सीएसआर कार्यों पर लगभग 204.10 करोड़ रुपए व्यय किए गए (जो कि वित्त वर्ष 2020-21 के शुद्ध लाभ 20,410 करोड़ रुपए का 1% है) तथा 102.56 करोड़ रुपए एसबीआई फाउंडेशन को आवंटित किए गए। वित्त वर्ष 2021-22 के बैंक सीएसआर कार्यकलापों का प्रमुख फोकस ग्रामीण एवं बस्तियों का विकास, स्वास्थ्य देखभाल एवं स्वच्छता, शिक्षा, पर्यावरण संवहनीयता, जनजातीय कल्याण, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों का सशक्तीकरण एवं खेल एवं खिलाड़ियों की सहायता करना आदि रहे।

आपके बैंक ने सीएसआर व्यय का 35% अर्थात 71 करोड़ रुपए कोविड-19 का मुकाबला करने पर व्यय किए।

आपका बैंक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा ''व्यवसाय दायित्व एवं संवहनीयता रिपोर्ट (बीआरएसआर)'' फ्रेमवर्क के अनुरूप इस संबंध में जारी किए गए निदेशों को अपनाने हेतु प्रतिबद्ध है।

अक्षय ऊर्जा (आरई) को प्रोत्साहित करने की वैश्विक आवश्यकता एवं देश के ध्येय (विज़न) के अनुरूप आपका बैंक वृहद स्तर पर आरई वित्तपोषण अंडरराइटिंग कर रहा है। वित्तवर्ष 2021-22 में 650 मिलियन यूएस डॉलर कीमत के एसबीआई ग्रीन बॉण्ड्स की भारतीय अंतर्राष्ट्रीय एक्सचेंज एवं लक्ज़मबर्ग स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग हुई। आपके बैंक ने पर्यावरणीय संवहनीयता प्रयासों की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप विभिन्न समुदायों, एनजीओ के साथ जुड़ने की अपनी गहन प्रतिबद्धता दर्शाई है। वित्तवर्ष 2021-22 के दौरान आपके बैंक ने देशभर में छह लाख से अधिक पौधे लगाए।

## भावी योजना

वित्त वर्ष 2021 की तुलना में वित्त वर्ष 2022 काफी बेहतर रहा। आर्थिक कार्यकलापों ने रफ़्तार पकड़ी एवं यही गति जारी रहने की संभावना है। यद्यपि, वित्त वर्ष 2022 भी हैरतअंगेज़ घटनाओं से अछूता नहीं रहा। वित्त वर्ष 2022 के अंत तक यूक्रेन एवं रूस के बीच आरंभ हुए युद्ध ने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को बहुत प्रभावित किया है।

पिछले कुछ वर्षों के बैंक के वित्तीय निष्पादन पर विहंगम दृष्टि डालें तो इसमें सभी मानदंडों में बेहतरीन सुधार साफ दिखाई देगा। इसलिए, परिचालन परिवेश में कई चुनौतियों के बावजूद, आपके बैंक में हानि सहने की अच्छी क्षमता है। बैंक की जोखिम प्रबंधन प्रणालियों ने स्लिपेज रोकने में अच्छे परिणाम दिए हैं।

> मुझे पूर्ण विश्वास है कि वित्तवर्ष 2022 में हमने जो लक्ष्य प्रदर्शन किए हैं वित्तवर्ष 2023 में उनमें और सुधार होगा।

अत:, इस समय, विशेषकर भारत में बैंकिंग की उभरती धाराओं को देखते हुए बैंक में आवश्यक संरचनात्मक परिवर्तन करने का सही अवसर है। आपका बैंक फ्रंट एवं बैक ऑफिस दोनों में डिजिटल एजेंडा को आगे बढ़ाना जारी रखेगा। एसबीआई योनो के दायरा एवं पहुंच को और बेहतर प्रयोक्ता अनुभव के साथ विस्तार दिया जाएगा। आपका बैंक, व्यवसाय परिचालन में, आंतरिक डाटा के गहन विश्लेषण एवं बेहतरीन उपयोग हेतु उन्नत एनालिटिक्स का फायदा उठाएगा। बैंक के दायरे और पहुंच को बढ़ाने हेतु फिनटेक एवं एनबीएफसी के साथ पारस्परिक लाभदायी भागीदारी पर और काम किया जाएगा।

वर्तमान वर्ष में आपका बैंक पूँजी संवृद्धि के मामले में अच्छी स्थिति में है। पोर्टफोलियो में विविधता लाने के लिए पीएलआई योजना अक्षय ऊर्जा के साथ-साथ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे आशाजनक क्षेत्रों में ऋण देने के अवसरों का पता लगाया जाएगा।

अंत में, विपरीत आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद, आपके बैंक ने परिचालन क्षेत्र में आई चुनौतियों का अच्छे से सामना किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि वित्त वर्ष 2022 में हमने जो हासिल किए हैं वित्त वर्ष 2023 में उनमें और सुधार होगा।

आपका शुभचिंतक

**दिनेश खारा**